**Set-1**

**Series SR5QP/5**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/5/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । | (I) Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (II) Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – खण्ड **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड-क :** प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड-ख :** प्रश्न संख्या **13** से **18** तक लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **60** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड-ग :** प्रश्न संख्या **19** से **23** दीर्घ उत्तरीय प्रकार –I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** से **120** शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड-घ :** प्रश्न संख्या **24** से **26** अंश, कार्टून तथा मानचित्र आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए ।*

*(vii)* ***खण्ड – ङ :** प्रश्न संख्या **27** से **30** भी दीर्घ उत्तरीय प्रकार –II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** से **180** शब्दों में लिखिए ।*

*(viii)* *प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***GENERAL INSTRUCTIONS :***

***Read the following instructions carefully and follow them :***

(i) *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Question paper is divided into* ***FIVE SECTIONS – Section A, B, C, D & E.***

(iii) ***Section A*** *– question number* ***1*** *to* ***12*** *are multiple choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

(iv) ***Section B*** *– question number* ***13*** *to* ***18*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***2*** *marks. Write answer to each question in* ***50*** *to* ***60*** *words.*

(v) ***Section C*** *– question number* ***19*** *to* ***23*** *are Long Answer type-I questions. Each question carries* ***4*** *marks. Write answer to each question in* ***100*** *to* ***120*** *words.*

(vi) ***Section D*** *– question number* ***24*** *to* ***26*** *are passage, cartoon and Map-based questions. Answer each question accordingly.*

(vii) ***Section E*** *– question number* ***27*** *to* ***30*** *are Long Answer type-II questions. Each question carries* ***6*** *marks. Write answer to each question in* ***170*** *to* ***180*** *words.*

(viii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only* ***one*** *of the choices in such questions has to be attempted.*

(ix) *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड – क

**प्रश्न संख्या 1 से 12 तक बहुविकल्पीय प्रकार के 1 अंक के प्रश्न हैं।** **12 × 1 = 12**

1. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिए और उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए : **1**

 (i) भारत–रूस सामरिक संधि

 (ii) अफगानिस्तान पर सोवियत आक्रमण

 (iii) सोवियत संघ का विघटन

 (iv) रूस में समाजवादी क्रांति

 (A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) (ii), (iv), (iii), (i)

 (C) (iv), (ii), (iii), (i) (D) (iii), (i), (ii), (iv)

2. स्वतंत्रता के ठीक पश्चात् भारत के नियोजित विकास के लिए निम्नलिखित में से किसका गठन किया गया था ? **1**

 (A) निर्वाचन आयोग (B) योजना आयोग

 (C) शाह आयोग (D) नीति आयोग

3. निम्नलिखित में से भारत की कौन सी एक देसी रियासत ने शुरुआत में भारतीय संघ में शामिल होने का विरोध किया था ? **1**

 (A) बड़ौदा (B) हैदराबाद

 (C) मैसूर (D) ग्वालियर

4. निम्नलिखित में से कौन नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करता है ? **1**

 (A) ऊर्जा संरक्षण अधिनियम (B) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम

 (C) विद्युत अधिनियम (D) नेशनल ऑटो फ्यूल पॉलिसी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## SECTION – A

**Question No. 1 to 12 are Multiple Choice type questions carrying 1 mark each.** **12 × 1 = 12**

1. Arrange the following events in chronological order and choose the correct option as answer : **1**

   (i) Indo-Russian Strategic Agreement

   (ii) The Soviet invasion of Afghanistan

   (iii) Disintegration of the Soviet Union

   (iv) Socialist Revolution in Russia

   (A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) (ii), (iv), (iii), (i)

   (C) (iv), (ii), (iii), (i) (D) (iii), (i), (ii), (iv)

2. Which one of the following was formed for the planned development of India, just after independence ? **1**

   (A) Election Commission (B) Planning Commission

   (C) Shah Commission (D) NITI Aayog

3. Which one of the following Princely States of India initially opposed joining the Indian Union ? **1**

   (A) Baroda (B) Hyderabad

   (C) Mysore (D) Gwalior

4. Which one of the following encourages the use of renewable energy ? **1**

   (A) Energy Conservation Act (B) Environment Protection Act

   (C) Electricity Act (D) National Auto Fuel Policy



collegedunia
India's largest Student Review Platform

5. सूची-I का सूची-II से सही मिलान कीजिए : 1

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी अर्थव्यवस्था को उदार बनाने वाला पहला देश | (i) | मालदीव |
| (b) | पहले इस देश में सुल्तान का शासन था । अब यह एक गणराज्य है । | (ii) | भारत |
| (c) | चारों तरफ से धरती से घिरा एक देश | (iii) | पाकिस्तान |
| (d) | सेना और लोकतंत्र समर्थक समूहों के बीच संघर्ष में, इस देश में सेना लोकतंत्र पर हावी रही । | (iv) | नेपाल |

सही विकल्प चुनिए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

6. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथनों को क्रमशः अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है । उत्तर के रूप में सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A) :** भारत में चौथे आम चुनाव से पहले, लोगों ने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि, खाद्यान्नों की कमी तथा बढ़ती हुई बेरोज़गारी के विरुद्ध आन्दोलन शुरू कर दिए ।

**कारण (R) :** मानसून की असफलता, व्यापक सूखा, खेती की पैदावार में गिरावट तथा गंभीर खाद्य संकट ने समस्या पैदा की ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

5. Match the List-I with the List-II correctly : **1**

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | The first country to liberalise its economy in the South Asian region. | (i) | Maldives |
| (b) | Earlier this country had the Sultan as its Head of State. Now, it is a republic. | (ii) | India |
| (c) | A land locked country. | (iii) | Pakistan |
| (d) | In the conflict between the military and the pro-democracy groups, the military had prevailed over democracy in this country. | (iv) | Nepal |

Choose the correct option :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

6. In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Choose the correct option as answer. **1**

**Assertion (A) :** People started protesting against the increase in prices of essential commodities, food scarcity and growing unemployment before the fourth General elections in India.

**Reason (R) :** Failure of monsoons, widespread drought, decline in agricultural production and serious food shortage caused the problem.

**Options :**

(A) Both the Assertion (A) and the Reason (R) are correct and the Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both the Assertion (A) and the Reason (R) are correct, but the Reason (R) is not the correct explanation of the Assertion (A).

(C) The Assertion (A) is correct, but the Reason (R) is incorrect.

(D) The Assertion (A) is incorrect, but the Reason (R) is correct.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

7. निम्नलिखित में से कौन सा विकासशील देश जनसंख्या की वृद्धि दर को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने वाला पहला देश था ? **1**

(A) भारत (B) पाकिस्तान

(C) नेपाल (D) श्रीलंका

8. भारत के योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन किया गया क्योंकि ________ **1**

(A) यह बहुत पुराना हो गया था ।

(B) यह विकास की नई चुनौतियों का सामना करने में अप्रासंगिक होता जा रहा था ।

(C) यह पूरी तरह से समाजवादी मॉडल पर आधारित था ।

(D) कई राज्य योजना आयोग के पक्ष में नहीं थे ।

9. लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद, प्रधानमंत्री पद के लिए इंदिरा गांधी और निम्नलिखित में से किस एक के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा थी ? **1**

(A) मोरारजी देसाई (B) के. कामराज

(C) एस. निजलिंगप्पा (D) वी.वी. गिरि

10. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथनों को क्रमशः अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है । उत्तर के रूप में सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A)** : वर्तमान में वैश्विक वातावरण गर्म होता जा रहा है ।

**कारण (R)** : धरती के समताप मण्डल में ओज़ोन गैस की मात्रा में लगातार कमी हो रही है ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

7. Which one of the following developing countries was the first to successfully control the rate of growth of population ? **1**

(A) India (B) Pakistan

(C) Nepal (D) Sri Lanka

8. Planning Commission of India was replaced with NITI Aayog because ________ **1**

(A) it had become very old.

(B) it was becoming irrelevant to face the new challenges of development.

(C) it was totally based on Socialist model.

(D) many states were not in favour of Planning Commission.

9. After the death of Lal Bahadur Shastri, there was an intense competition for the post of Prime Minister between Indira Gandhi and which one of the following ? **1**

(A) Morarji Desai (B) K. Kamraj

(C) S. Nijalingappa (D) V.V. Giri

10. In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Choose the correct option as answer. **1**

**Assertion (A) :** Presently the global atmosphere is warming up.

**Reason (R) :** A steady decline in the total amount of Ozone in the earth's stratosphere.

**Options :**

(A) Both the Assertion (A) and the Reason (R) are correct, and the Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both the Assertion (A) and the Reason (R) are correct, but the Reason (R) is not the correct explanation of the Assertion (A).

(C) The Assertion (A) is correct, but the Reason (R) is incorrect.

(D) The Assertion (A) is incorrect, but the Reason (R) is correct.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

11. किस घटना ने सोवियत संघ में साम्यवाद के अंत को चिन्हित किया ? 1

(A) क्यूबा मिसाइल संकट

(B) नई विश्व व्यवस्था का उदय

(C) सोवियत संघ का विघटन

(D) अमरीकी अर्थव्यवस्था में वृद्धि

12. उस राज्य का नाम लिखिए जिसमें से छत्तीसगढ़ को बनाया गया था । 1

(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार

(C) झारखण्ड (D) मध्य प्रदेश

**खण्ड – ख** **6 × 2 = 12**

13. जून 1992 में रियो-डी-जनेरियो में आयोजित 'पृथ्वी शिखर-सम्मेलन' के किन्हीं दो परिणामों की व्याख्या कीजिए । 2

14. पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के मुद्दे, विश्व राजनीति का हिस्सा क्यों बन गए हैं ? किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए । 2

15. 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित प्रस्ताव में सम्मिलित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् से संबंधित किन्हीं दो शिकायतों को स्पष्ट कीजिए । 2

16. भारत के राजनीतिक और चुनावी इतिहास में वर्ष 1967 को एक महत्वपूर्ण पड़ाव मानने के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए । 2

17. राजीव गांधी और हरचंद सिंह लोंगोवाल द्वारा 1985 में हस्ताक्षरित पंजाब समझौते के किन्हीं दो प्रावधानों का उल्लेख कीजिए । 2

18. गठबन्धन की सरकारों के कोई दो लाभ स्पष्ट कीजिए । 2



collegedunia
India's largest Student Review Platform

11. Which event marked the end of Communism in the Soviet Union ? **1**

(A) Cuban Missile Crisis

(B) Rise of New World Order

(C) Disintegration of the Soviet Union

(D) Rise in US economy

12. Name the state from which Chhattisgarh was carved out. **1**

(A) Uttar Pradesh (B) Bihar

(C) Jharkhand (D) Madhya Pradesh

## SECTION – B $6 \times 2 = 12$

13. Explain any two outcomes of the 'Earth Summit' held in June 1992 at Rio-de-Janeiro. **2**

14. Analyse any two reasons as to why issues of environment and natural resources have become a part of the World Politics. **2**

15. Explain any two complaints related to the U.N. Security Council reflected in the resolution passed by the U.N. General Assembly in 1992. **2**

16. Explain any two reasons to consider the year 1967 as a landmark year in India's political and electoral history. **2**

17. Mention any two provisions of the Punjab Accord signed by Rajiv Gandhi and Harchand Singh Longowal in 1985. **2**

18. Explain any two advantages of Coalition governments. **2**



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड – ग

$5 \times 4 = 20$

19. वैश्वीकरण के किन्हीं चार परिणामों की व्याख्या कीजिए। 4

20. (a) "भारत ने सोवियत संघ के विघटन के बाद सभी नव स्वतंत्र देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे हैं लेकिन रूस और भारत के बीच संबंध अभी भी सबसे अधिक सौहार्दपूर्ण हैं।" किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये। 4

**अथवा**

(b) शीत युद्ध काल के दौरान, अमरीकी अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकसित थी। फिर भी सोवियत प्रणाली में कुछ ऐसी विशेषताएँ थीं, जो इसे अमरीका से अलग करती हैं। ऐसी किन्हीं दो विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए। 4

21. (a) पाकिस्तान में सफल लोकतंत्र स्थापित करने में आई किन्हीं दो प्रमुख चुनौतियों की व्याख्या कीजिए। 4

**अथवा**

(b) "सार्क ने दक्षिण एशियाई देशों में बहुपक्षीय साधनों के माध्यम से सहयोग विकसित करने की क्षेत्रीय पहल की है।" दो उदाहरण देकर इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये। 4

22. 1974-1975 के दौरान कांग्रेस सरकार के विरुद्ध हुए विरोध प्रदर्शनों के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। 4

23. भारत की स्वतंत्रता के समय से लेकर भारत में विलय तक के दौरान सिक्किम में घटित घटनाक्रम का वर्णन कीजिए। 4



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## SECTION – C 5 × 4 = 20

19. Explain any four consequences of Globalisation. 4

20. (a) "After the disintegration of Soviet Union, India has maintained good relations with all the new independent countries, but the most cordial relations are still there between Russia and India." Justify the statement with two examples. 4

**OR**

(b) During Cold War period the US economy was more developed than the rest of the world. Still the Soviet system had some special features which distinguish it from the US. Evaluate any two such features. 4

21. (a) Explain any two main challenges faced by Pakistan in establishing a successful democracy. 4

**OR**

(b) "SAARC has taken a major regional initiative in South Asian States to evolve co-operation through multilateral means." Justify the statement with two examples. 4

22. Describe any four circumstances that led to protests against the Congress Government during 1974-1975. 4

23. Describe the events that took place in Sikkim from the time of India's independence to its merger with India. 4



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड – घ

**3 × 4 = 12**

24. नीचे दिए गए अवतरण का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

भारत के छोटे–बड़े विभिन्न आकार के देशों में बँट जाने की संभावना के विरुद्ध अंतरिम सरकार ने कड़ा रुख अपनाया । मुस्लिम लीग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इस कदम का विरोध किया । मुस्लिम लीग का मानना था कि रजवाड़ों को अपनी मनमर्जी का रास्ता चुनने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए । रजवाड़ों के शासकों को मनाने–समझाने में सरदार पटेल ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई और अधिकतर रजवाड़ों को उन्होंने भारतीय संघ में शामिल होने के लिए राजी कर लिया ।

(24.1) 1947 में ब्रिटिश इण्डिया के विभाजन के समय किस सिद्धांत का पालन किया गया था ?

(A) प्रशासनिक नियन्त्रण का सिद्धांत

(B) जातीय संरचना का सिद्धांत

(C) धार्मिक बहुसंख्या का सिद्धांत

(D) समानता का सिद्धांत

(24.2) स्वतंत्र भारत के प्रथम उप–प्रधानमंत्री कौन थे ?

(A) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (B) सरदार पटेल

(C) वी.के. मेनन (D) खान अब्दुल गफ्फार खान

(24.3) स्वतंत्रता के समय ब्रिटिश इण्डिया में कितनी देसी रियासतें थीं ?

(A) 556 (B) 566

(C) 655 (D) 565

(24.4) देसी रियासतों के बारे में इनमें से कौन सा कथन गलत है ?

(A) भारत सरकार कुछ क्षेत्रों को स्वायत्तता देने के लिए तैयार थी ।

(B) जूनागढ़ के शासक ने स्वतंत्र भारत का हिस्सा बनने का फैसला किया था ।

(C) देसी रियासतें ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य के एक तिहाई भाग में कायम थीं ।

(D) कुछ रियासतें स्पष्ट रूप से भारतीय संघ का हिस्सा बनना चाहती थीं ।



collegedunia India's largest Student Review Platform

## SECTION – D **3 × 4 = 12**

24. Read the passage given below and answer the questions that follow : **4 × 1 = 4**

The interim government took a firm stance against the possible division of India into small principalities of different sizes. The Muslim League opposed the Indian National Congress and took the view that the States should be free to adopt any course they liked. Sardar Patel played a historic role in negotiating with the rulers of princely states firmly but diplomatically and bringing most of them into the Indian Union.

(24.1) Which principle was followed for the division of British India at the time of partition in 1947 ?

(A) Principle of administrative control

(B) Principle of ethnic composition

(C) Principle of religious majorities

(D) Principle of equality

(24.2) Who was the first Deputy Prime Minister of free India ?

(A) Dr. B.R. Ambedkar (B) Sardar Patel

(C) V.K. Menon (D) Khan Abdul Gaffar Khan

(24.3) How many princely states were there in British India at the time of independence ?

(A) 556 (B) 566

(C) 655 (D) 565

(24.4) Which of the following statements about the princely states is NOT correct ?

(A) The Indian government was ready to give autonomy to some regions.

(B) The ruler of Junagadh had decided to be part of independent India.

(C) Princely states covered one third of the land area of British Indian empire.

(D) Some of the princely states clearly wanted to become part of the Indian Union.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

25. दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, चार राज्यों को (A), (B), (C) तथा (D) द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिए गए संबंधित अक्षर को दिए गए प्रारूप के अनुसार लिखिए : $4 \times 1 = 4$


| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) वह राज्य जहाँ ई.एम.एस. नबूंदरीपाद द्वारा पहली गैर-कांग्रेसी सरकार का गठन किया गया था ।

(ii) भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी से संबंधित राज्य ।

(iii) वह राज्य जिसका संबंध पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से था ।

(iv) पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर से संबंधित राज्य ।






collegedunia
India's largest Student Review Platform

25. In the given Political outline map of India, four states have been marked as (A), (B), (C) and (D). Identify these states on the basis of the information given below and write their correct names in your answer book along with the respective serial numbers of the information used and the concerned alphabets shown in the map as per the format that follows : **4 × 1 = 4**


| Sr. Number of the information used | Alphabet concerned | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) The state where the first non-Congress government was formed by E.M.S. Namboodiripad.

(ii) The state that belongs to Syama Prasad Mookerjee, founder of Bharatiya Jana Sangh.

(iii) The state to which former Prime Minister Jawaharlal Nehru belonged.

(iv) The state related to former Health Minister Rajkumari Amrit Kaur.






collegedunia
India's largest Student Review Platform

**नोट :** **निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए, प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर हैं ।** **4 × 1 = 4**


(25.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ ई.एम.एस. नबूंदरीपाद द्वारा पहली गैर–कांग्रेसी सरकार का गठन किया गया था ।

(25.2) भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त का नाम लिखिए ।

(25.3) स्वतंत्र भारत के पूर्व प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल द्वारा गठित राजनीतिक दल का नाम लिखिए ।

(25.4) भारत की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर से संबंधित राज्य का नाम लिखिए ।

26. दिया गया कार्टून जून 2006 में इजरायल द्वारा लेबनान पर किए गए आक्रमण से सम्बन्धित है । कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



(a) कार्टून में दिखाए गए चार 'लोगो' (प्रतीक चिह्न) के आधार पर सम्बन्धित संगठन को पहचान कर उसका नाम लिखिए । **1**

(b) कार्टून में दिखाए गए व्यक्ति को पहचान कर उनका नाम लिखिए । **1**

(c) इजरायल ने लेबनान पर आक्रमण क्यों किया था ? **2**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**Note :** **The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 25.** **4 × 1 = 4**


(25.1) Name the state where the first non-Congress government was formed by E.M.S. Namboodiripad.

(25.2) Who was the first Chief Election Commissioner of India ?

(25.3) Name the political party formed by the former first Indian Governor General of independent India.

(25.4) Name the state which is related to Rajkumari Amrit Kaur, the former Health Minister of India.

26. The given cartoon is related to Israel's attack on Lebanon in June 2006. Study the cartoon carefully and answer the questions given below :




(a) Identify and name the organisation whose four Logos are shown in the cartoon. **1**

(b) Identify and name the person shown in the cartoon. **1**

(c) Why did Israel attack Lebanon ? **2**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**नोट :** **निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए, प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं ।** **4 × 1 = 4**

(26.1) यूनिसेफ (UNICEF) का विस्तृत रूप लिखिए ।

(26.2) कौन सा संगठन लीग ऑफ नेशंस का उत्तराधिकारी बना ?

(26.3) संयुक्त राष्ट्र के चार्टर पर कितने देशों ने हस्ताक्षर किए थे ?

(26.4) संयुक्त राष्ट्र की कौन सी एजेंसी परमाणु प्रौद्योगिकी की सुरक्षा और शांतिपूर्ण उपयोग से संबंधित है ?

## खण्ड – ङ **4 × 6 = 24**

27. (a) भारत द्वारा गैर–पारंपरिक सुरक्षा की बजाय पारंपरिक सुरक्षा पर अधिक खर्च करने के किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए । **6**

**अथवा**

(b) सुरक्षा के लिए खतरे के किन्हीं तीन नये स्रोतों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । **6**

28. (a) चीनी अर्थव्यवस्था में नाटकीय सुधार के बावजूद, चीन के सभी लोगों को इन सुधारों का लाभ क्यों नहीं मिल पाया ? कोई तीन कारण लिखिए । **6**

**अथवा**

(b) यूरोपीय संघ का, एक आर्थिक सहयोग वाली व्यवस्था से बदलकर अधिकाधिक राजनीतिक संगठन बनने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **6**

29. (a) 20वीं सदी के अंतिम दशक के दौरान भारतीय राजनीति में घटित किन्हीं तीन प्रमुख घटनाओं को स्पष्ट कीजिए । **6**

**अथवा**

(b) 1989 के बाद गहन प्रतिस्पर्धा और कई संघर्षों के बीच, अधिकांश दलों में उभरी आम सहमति के किन्हीं तीन बिंदुओं को स्पष्ट कीजिए । **6**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**Note :** **The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 26.** **4 × 1 = 4**

(26.1) Write full form of UNICEF.

(26.2) Which organisation became the successor of League of Nations ?

(26.3) How many states signed the United Nations Charter ?

(26.4) Which U.N. agency is concerned with the safety and peaceful use of nuclear technology ?

## SECTION – E **4 × 6 = 24**

27\. (a) Explain any three reasons for spending more on traditional security than on non-traditional security by India. **6**

**OR**

(b) Explain any three new sources of threat to security with examples. **6**

28\. (a) While the Chinese economy has improved dramatically, why has everyone in China not received the benefits of the reforms ? State any three reasons. **6**

**OR**

(b) Describe the process of evolution of the European Union from an Economic Union to an increasingly Political one. **6**

29\. (a) Explain any three major developments which took place in Indian politics during the last decade of the $20^{th}$ century. **6**

**OR**

(b) In the midst of severe competition and many conflicts after 1989, a consensus appeared to have emerged among most parties. Explain any three points of consensus. **6**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

30. (a) “स्वतंत्र भारत की विदेश नीति ने शांतिपूर्ण विश्व के सपने को साकार करने का प्रयास किया है ।” इस कथन के पक्ष में कोई तीन उपयुक्त तर्क दीजिए । **6**

**अथवा**

(b) “भारत विऔपनिवेशीकरण की प्रक्रिया का एक प्रबल समर्थक और रंगभेद की नीति का कट्टर विरोधी रहा है ।” इस कथन के पक्ष में कोई तीन उपयुक्त तर्क दीजिए । **6**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

30. (a) "The foreign policy of independent India has pursued the dream of a peaceful world." Support the statement with any three suitable arguments. **6**

**OR**

(b) "India was a staunch supporter of the decolonization process and firmly opposed racism." Support the statement with any three suitable arguments. **6**



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform